
शङ्कर-पञ्चदशी

(श्रीमदाद्य शङ्कराचार्य के पन्द्रह स्तोत्रों का काव्यानुवाद अंग्रेजी अनुवाद सहित)



रचयिता

डॉ. मृदुल कीर्ति



शाङ्कर-पञ्चदशी

(श्रीमदाद्यशङ्कराचार्य जी के पन्द्रह स्तोत्रों का काव्यानुवाद अंग्रेजी अर्थ सहित)

रचयिता

डॉ. मृदुल कीर्ति

प्रकाशक

ज्योतिर्मठ-बदरिकाश्रम-हिमालय

के लिए **स्वामिश्रीः न्यासः**, काशी द्वारा प्रकाशित

शाङ्कर-पञ्चदशी

(श्रीमदाद्यशङ्कराचार्य जी के पन्द्रह स्तोत्रों का काव्यानुवाद अंग्रेजी अर्थ सहित)

रचयिता

डॉ. मृदुल कीर्ति

प्रकाशक

ज्योतिर्मठ-बदरिकाश्रम-हिमालय के लिए

स्वामिश्रीः न्यासः, काशी द्वारा प्रकाशित

कार्यालय - श्रीविद्यामठ बी. 6/98, केदारघाट, वाराणसी - 221001

उत्तर प्रदेश (भारत)

 ISBN : 978-81-928709-0-8

विमोचन तिथि - महाशिवरात्रि संवत् २०७० विक्रमी

मूल्य - प्रकाशनालय हेतु सहयोग राशि यथाशक्ति *

मुद्रक - श्रीमाता आफसेट्स नगवा, वाराणसी (उ.प्र.)

---

* नोट — ज्योतिर्मठ-बदरिकाश्रम-हिमालय एवं उसकी सेवा में रत 'स्वामिश्रीः न्यासः' कोई व्यापारिक संस्था नहीं है अतः हम पुस्तक बेचते नहीं, पर लोगों तक पहुँचाने की सदिच्छा रखते हैं। अतः प्रकाशन के लिए पाठकों द्वारा स्वेच्छा से प्रदत्त राशि को प्रकाशन के मद में ही सुरक्षित रखते और उससे ही प्रकाशन कार्य करते हैं।



स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज

शुभाशंसा

शास्त्रों के अनुसार सभी शरीरों में एक ही आत्मा का निवास है। आत्मा में स्त्री, पुरुष अथवा नपुंसक का भेद नहीं है । कहा गया है —

नैव स्त्री न पुमानेष नचैवायं नपुंसकः ।
यद्यद्शरीरमाधत्ते तेन तेन स उच्यते ।।

भारत में अनेकों ऐसी नारियाँ हुई हैं जो आत्मज्ञान के लिए साधनरत थीं । सभी नारियों के लिए वे ही आदर्श हैं । धर्मशास्त्रों के द्वारा बताए मार्ग पर चलकर ही आत्मसाक्षात्कार सम्भव है । नारियाँ भी इसी मार्ग पर चलकर आत्मसाक्षात्कार करने में सफल हो सकती हैं । यह देह आत्मा नहीं है अपितु आत्मा इससे विलक्षण है । आत्मा का अपना अलग वास्तविक स्वरूप है । अनात्मा में आत्मबुद्धि कर लेना ही बन्धन है और इससे मुक्ति ही मुक्ति है । अपने लौकिक कर्त्तव्यों का पालन करते हुए इस बन्धन से मुक्त होने का प्रयत्न करना चाहिए ।

डॉ. मृदुल कीर्ति जी द्वारा प्रस्तुत **'शाङ्कर-पञ्चदशी'** ग्रन्थ के लिए अनेक आशीर्वाद ।

(स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती)

शाङ्कर-पञ्चदशी

(श्रीमदाद्यशङ्कराचार्य जी के पन्द्रह स्तोत्रों का काव्यानुवाद अंग्रेजी अर्थ सहित)

रचयिता

डॉ. मृदुल कीर्ति

प्रकाशक

ज्योतिर्मठ-बदरिकाश्रम-हिमालय के लिए

स्वामिश्रीः न्यासः, काशी द्वारा प्रकाशित

कार्यालय - श्रीविद्यामठ बी. 6/98, केदारघाट, वाराणसी - 221001

उत्तर प्रदेश (भारत)

 ISBN : 978-81-928709-0-8

विमोचन तिथि - महाशिवरात्रि संवत् २०७० विक्रमी

मूल्य - प्रकाशनालय हेतु सहयोग राशि यथाशक्ति *

मुद्रक - श्रीमाता आफसेट्स नगवा, वाराणसी (उ.प्र.)

---

* नोट — ज्योतिर्मठ-बदरिकाश्रम-हिमालय एवं उसकी सेवा में रत 'स्वामिश्रीः न्यासः' कोई व्यापारिक संस्था नहीं है अतः हम पुस्तक बेचते नहीं, पर लोगों तक पहुँचाने की सदिच्छा रखते हैं। अतः प्रकाशन के लिए पाठकों द्वारा स्वेच्छा से प्रदत्त राशि को प्रकाशन के मद में ही सुरक्षित रखते और उससे ही प्रकाशन कार्य करते हैं।



स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज

शुभाशंसा

शास्त्रों के अनुसार सभी शरीरों में एक ही आत्मा का निवास है। आत्मा में स्त्री, पुरुष अथवा नपुंसक का भेद नहीं है । कहा गया है —

नैव स्त्री न पुमानेष नचैवायं नपुंसकः ।
यद्यद्शरीरमाधत्ते तेन तेन स उच्यते ।।

भारत में अनेकों ऐसी नारियाँ हुई हैं जो आत्मज्ञान के लिए साधनरत थीं । सभी नारियों के लिए वे ही आदर्श हैं । धर्मशास्त्रों के द्वारा बताए मार्ग पर चलकर ही आत्मसाक्षात्कार सम्भव है । नारियाँ भी इसी मार्ग पर चलकर आत्मसाक्षात्कार करने में सफल हो सकती हैं । यह देह आत्मा नहीं है अपितु आत्मा इससे विलक्षण है । आत्मा का अपना अलग वास्तविक स्वरूप है । अनात्मा में आत्मबुद्धि कर लेना ही बन्धन है और इससे मुक्ति ही मुक्ति है । अपने लौकिक कर्त्तव्यों का पालन करते हुए इस बन्धन से मुक्त होने का प्रयत्न करना चाहिए ।

डॉ. मृदुल कीर्ति जी द्वारा प्रस्तुत **'शाङ्कर-पञ्चदशी'** ग्रन्थ के लिए अनेक आशीर्वाद ।

स्वरूपानन्द सरस्वती

(स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती)

'स्वामिश्रीः' अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती

शुभाशंसा

विवेकचूडामणि में भगवत्पाद कहते हैं —

मस्तकन्यस्तभारादेर्दुःखमन्यैर्निवार्यते ।

क्षुधादिकृतदुःखं तु विना स्वेन न केनचित् ।।

अर्थात् सिर पर रखे हुए भार आदि का दुःख अन्यों के द्वारा भी दूर किया जा सकता है किन्तु क्षुधा आदि का दुःख अपने सिवा अन्य किसी से भी दूर नहीं किया जा सकता । जिस प्रकार पुत्र या मित्र के भोजन कर लेने से स्वयं के क्षुधा की निवृत्ति असम्भव है उसी प्रकार ज्ञान प्राप्ति के लिए मनुष्य को स्वयं ही प्रयत्न करना होता है ।

ऐसे ही रोगी को भी अपने रोग की निवृत्ति के लिए स्वयं ही औषधि का सेवन करना होता है । किसी अन्य के औषधि सेवन से रोगी का रोग दूर नहीं हो सकता । संसार को भी रोग की उपमा दी गई है और इस भवरूपी रोग से छुटकारा पाने का एकमात्र उपाय ज्ञानौषधि ही है ।

वस्तुतः भाषा का मुख्य उद्देश्य सम्प्रेषण ही होता है । यदि मौन में ही हमारे भाव लक्षित व्यक्ति को सम्प्रेषित हो जाएँ तो मौन भी एक भाषा हो जाती है । आदिकवि वाल्मीकि जी की रचना संस्कृत में है परन्तु यह सर्वोत्कृष्ट होते हुए भी आज जन-जन की पहुँच से परे है । केवल संस्कृत के विद्वान् ही रामायण को समझ सकते हैं और उसका आनन्द ले सकते हैं । वहीं हम देखते हैं कि रामचरितमानस जनभाषा में होने से घर-घर में गायी जाती है। कवि मनीषी

'स्वामिश्रीः' अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती

सदा से हर स्तर के लोगों के लिए लेखन करते रहे हैं। कहा गया है कि वेद ही रामायण बनकर सामने आया और रामायण ही रामचरित मानस बनकर आज के समय के लोगों का उपकारक है।

कवियित्री ने भगवत्पाद आदि शङ्कराचार्य की जी संस्कृत रचनाओं का हिन्दी में काव्यानुवाद कर संस्कृत न जानने वालों का उपकार किया है। वे अपने इन काव्यानुवादों के माध्यम से भगवत्पाद की रचनाओं को घर-घर पहुँचाने का प्रयत्न कर रही हैं। उनके द्वारा प्रस्तुत 'शाङ्कर-पञ्चदशी' ग्रन्थ निश्चित रूप से उन शङ्कराचार्य भक्तों के लिए उपयोगी होगा जो संस्कृत तो नहीं जानते परन्तु सनातनधर्मोद्धारक भगवत्पाद आदि शङ्कराचार्य जी के उपदेशों को पढ व समझकर उसे हृदयंगम करना चाहते हैं।

हम चाहते हैं कि भगवती डॉ. मृदुल कीर्ति जी को भगवत्पाद की समस्त रचनाओं का काव्यानुवाद करने की क्षमता प्रदान करें, इसी शुभ भावना के साथ .....

('स्वामिश्रीः' अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती)

स्वामिश्रीः-न्यासः
श्रीविद्यामठ, केदार घाट, वाराणसी - 221001 (उ.प्र.)
दूरभाष - 0542-2450520,362 चलभाष - 9670296703 ई-मेल

आभार

इस ग्रन्थ में अंग्रेजी के अनुवाद इण्टरनेट के विभिन्न वेबसाईट्स से प्राप्त लिंक्स से लिए गए हैं। हम उन सभी का आभार व्यक्त करते हैं जिनके अंग्रेजी अनुवादों इस ग्रन्थ में उपयुक्त हुए हैं।

(डॉ. मृदुल कीर्ति)

लेखकीय

ॐ श्री वासुदेवाय नमः

श्रुति स्मृति पुराणानामालयं करुणालयं,
नमामि भगवत्पादं शंकरं लोकशंकरं,

हे ! महाशून्य के अंश, नमन मैं एक अकिंचन
पुण्य पूर्व प्रारब्ध कदाचित इस पल सिंचन ।
दिया महत आशीष, दिव्यता की वसु धारा
जैसे मुझको मिला, सृष्टि सृष्टा संसारा

यहाँ मेरा कुछ भी नहीं है-असम्पृक्त- अवस्था
मेरा किसी से कुछ भी सम्बन्ध नहीं- असंगावस्था
मुझे कुछ भी नहीं चाहिये- निष्काम अवस्था

यही आध्यात्म के मूल सूत्र और ब्रह्मवाद का सार है, जीव मृण्मय है, ब्रह्म चिन्मय है । सर्वत्र इसी ब्रह्मवाद की पुष्टि आदिगुरु शंकराचार्य ने की है ।

ब्रह्म सत्यं जगन्नमिथ्या..... विवेक चूड़ामणि-२०

अतः

देह, गेह और नेह को, तज तीनन को मोह,
मोह बन्धना मुक्त को, मिलन न होत बिछोह ।

इस तरह -

संबंधों की दुनिया में असम्बन्धों का चिन्तन, परिवार समाज में रहकर एकत्त्व का चिन्तन,सब भोगते हुए भी त्याग का चिन्तन विरोधाभास ही सत्य है और इन्हीं में छुपे शान्ति के सूत्रों को उजागर करने को अवतरित हुए दिव्य विभूति का नाम ही .... श्री आदि गुरु शंकराचार्य है ।

अपने चैतन्य को पहचानो और स्वयं को खाली करो, वृत्तियों को सात्त्विक करते हुए अपने सत् स्वरूप को जानो, क्योंकि तन का भार, मन का भार, चेतना का कोई भार नहीं और जो सात्त्विक और तात्त्विक हैं वे पहले से ही निर्भर हैं । हम स्वयं अनेकों में बँटे हुए हैं । हमारा एक चैतन्य मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार में बँटा है । इस बँटने में जीव अपना मूल स्वरूप भूल गया, जबकि जीव -

ब्रह्म तत्त्वमसि भावयात्मनि -विवेक चूड़ामणि

शंकराचार्य का ब्रह्मवाद

शंकराचार्य ने ब्रह्मसूत्र का भाषा भाष्य, उपनिषदों का भाषा भाष्य, भगवद्गीता का भाषा भाष्य और महती महत्

स्तुति स्तोत्र साहित्य से भारतीय आध्यात्मिक वाङ्मय को जो ऋद्धि, सिद्धि और निधि दी है उसकी तुलना तो दूर, कोई समकक्ष भी नहीं । बत्तीस वर्षों की अल्पायु में अचम्भित कर्मों से समय् के हस्ताक्षर बन गए, कालजयी रचनाओं से कालातीत बन गए । मैं माटी की एक किंकरी, कैसे आदि गुरु शंकराचार्य के स्तुति, स्तोत्र साहित्य और विवेक चूड़ामणि को मूल संस्कृत से काव्य रूपान्तरित करने का साहस कर पाई, इसका उत्तर स्वयं श्री शंकराचार्य जी के पास है क्योंकि यह सूक्ष्म जगत् की प्रक्रिया है -

मैं कछु नैकु न नैकुहि कीन्हां,
प्रतिपालक मोहे आपुहिं दीन्हां ।
सो जो कछु अब परत दिखाई,
सकल परम प्रभु की प्रभुताई ।।

किन्तु स्थूल जगत् में, वह दिव्य कृपा का क्षण था जब देहली के हवाई यात्रा प्रतीक्षालय में पूज्य 'स्वामिश्रीः' अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती से कुछ मिनटों के लिए मिले, ईमेल का आदान-प्रदान किया, तदन्तर फोन पर वार्ता, अनन्तर अनुवादों की बात पूज्य 'स्वामिश्रीः' को भा गयी । बस वहीं से इतने दिव्य प्रयोजन का बीजारोपण हुआ और 'भज गोविन्दम्' का आयोजन हो गया, आत्मबोध घटित हो गया, सात्त्विक आनन्द में लीन हूँ और परम सौभाग्य पुण्य कर्मों का उदय है

कि 'ज्योतिर्मठ-बद्रिकाश्रम-हिमालय' के ही पूज्यपाद अनन्तश्रींविभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित मठ से यह काव्यानुवादित ग्रन्थ प्रकाशित हो रहा है । २० मई २०१३ को अमेरिका से बद्रीनाथ धाम गई थी । श्री बद्रीविशाल से आशीर्वाद लेकर आई, यह उसका भी प्रसाद रूप है । यह प्रसाद है, प्रयास नहीं । कृपासाध्य है, श्रमसाध्य नहीं । इस काव्यात्मक अनुवाद में परमब्रह्म परमात्मा और पूज्य 'स्वामिश्रीः' के साथ उन सभी विज्ञ विद्वानों और ज्ञानियों को विनत भाव से साधुवाद देती हूँ जिनके इंग्लिश के अनुवादों को इसमें सम्मिलित किया गया है जिसका प्रयोजन केवल वैश्वीकरण करना है । जो प्रवासी हिन्दी अधिक नहीं जानते किन्तु जिज्ञासु है वे भी आध्यात्मिकता, सात्त्विकता और दिव्यता का अमृत पान कर सकें । ब्रह्म सत्य ज्ञानस्वरूप और अनन्त है, उसकी सत्ता को भूलते ही 'मैं कर्ता और भोक्ता' हूँ । माया से मोहित होकर नाशवान संसार में चाहना ही यातना बन जाती है ।

चाहती हूँ तृप्ति जग के तप्त इस अंगार में,
एक नन्हें विहग की ऐसी अनोखी प्यास है ।
और भूल जाते हैं कि -
किसका सब कुछ रहा यथावत
सबका सब कुछ हुआ कथावत

काल गाल सर्वस्व समागत
किंचन अथवा दिव्य तथागत
क्योंकि केवल और केवल
ब्रह्म सत्यं जगन्नमिथ्या ।

-डॉ. मृदुल कीर्ति
जनवरी २०१४

समर्पण

सिद्ध ऋषिका सी प्रबुद्धा, शक्ति पावन पावनी ।
त्याग, करुणा, दया, ममता, स्नेह की मन्दाकिनी ।।
कर्त्तव्य वेदी पर स्वयं, जीवन्त समिधा सी जलीं ।
क्षीर देकर, नीर नयनों से, सदा पल-पल पलीं ।।
ब्रह्म में लवलीन सत्ता, ब्रह्म के उस लोक में ।
'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' हर्ष में न न शोक में ।।
ब्रह्म अमृत के सरोवर, मृदुल शुभ 'सरोज' हो ।
दिव्यता की लो प्रसादी, सत समर्पण आज हो ।।

परिचय उन्हें चाहिए जिनकी अहंता गहरे बैठी हो । शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध आत्माएँ निष्काम कर्म करते हुए कर्म निर्जरा, प्रारब्ध को एकाग्र और शान्त चित्त से भोग कर पतझड के पत्ते सी काल प्रबञ्जन में उड जाती हैं । ऐसी ही मेरी जीजी 'सरोज' को यह ग्रन्थ समर्पित है ।

-मृदुल कीर्ति
जनवरी २०१४

विषयानुक्रमणिका

चर्पटपञ्जरिका

भज गोविन्दं भज गोविन्दं गोविन्दं भज मूढमते ।
संप्राप्ते संनिहिते काले न हि न हि रक्षति डुकृञ्करणे ।।१।।

भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढमते !
कवलित काल करे जेहि काले, नियम व्याकरण, क्या करते ?
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।१।।

Worship Govinda, worship Govinda, worship Govinda, Oh fool ! Rules of grammar will not save you at the time of your death.

मूढ जहीहि धनागमतृष्णां कुरु सद्बुद्धिं मनसि वितृष्णाम् ।
यल्लभसे निजकर्मोपात्तं वित्तं तेन विनोदय चित्तम् ।।२।।

माया जोड़े काया तोड़े, ढेर लगा कब सुख मिलते,
जो भी करम किये थे पहले, उनके ही फल अब फलते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।२।।

Oh fool ! Give up your thrist to amass wealth, devote your mind to thoughts to the Real. Be content with what comes through actions already performed in the past.

नारीस्तनभरनाभीदेशं दृष्ट्वा मा गा मोहावशम् ।
एतन्मांसवसादिविकारं मनसि विचिन्तय वारं वारम् ।।३।।

नारी तन, मोहित मन मोहा, अंदर माँस नहीं दिखते,
बार-बार सोचो मन मूरख, हाड़ माँस पर क्यूँ बिकते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।३।।

Do not get drowned in delusion by going wild with passions and lust by seeing a woman's navel and chest. These are nothing but a modification of flesh. ail not to remember this again and again in your mind.

नलिनीदलगतजलमतितरलं तद्वज्जीवितमतिशयचपलम् ।
विद्धि व्याध्यभिमानग्रस्तं लोकं शोकहतं च समस्तम् ।।४।।

कमल पात, जल बिंदु न रुकते, अस्थिर दूजे पल बहते,
अहम् ग्रसित अस्थिर संसारा, रोग, शोक, दुःख संग रहते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।४।।

The life of a person is as uncertain as rain drops trembling on a lotus leaf . Know that the whole world remains a prey to disease, ego and grief.

यावद्वित्तोपार्जनसक्तस्तावन्निजपरिवारो रक्तः ।
पश्चाज्जीवति जर्जरदेहे वार्त्तां कोऽपि न पृच्छति गेहे ।।५।।

धन अर्जन की क्षमता जबतक, घर परिवार सलग रहते,
जर्जर देह कोई ना पूछे, ना कोई बात, अलग रहते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।५।।

So long as a man is fit and able to support his family, see what affection all those around him show. But no one at home cares to even have a word with him when his body totters due to old age.

यावत्पवनो निवसति देहे तावत्पृच्छति कुशलं गेहे ।
गतवति वायौ देहापाये भार्या बिभ्यति तस्मिन्काये ।।६।।

जब तक प्राण देह में रहते, घर परिवार लिपट रहते,
प्राण वायु के गमन तदन्तर, वे कब कहाँ निकट रहते ?
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।६।।

When one is alive, his family members enquire kindly about his welfare . But when the soul departs from the body, even his wife runs away in fear of the corpse.

बालस्तावत्क्रीडासक्तस्तरुणस्तावत्तरुणीसक्तः ।
वृद्धस्तावच्चिन्तासक्तः पारे ब्रह्मणि कोऽपि न सक्तः ।।७।।

बाल काल बहु खेल खिलौने, युवा काल नारी रमते,
वृद्ध, रोग, दुःख, क्लेश अनेका, परम ब्रह्म को ना भजते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।७।।

The childhood is lost by attachment to playfulness. Youth is lost by attachment to woman . Old age passes away by thinking over many things. But there is hardly any-one who wants to be lost in parabrahman.

का ते कान्ता कस्ते पुत्रः संसारोऽयमतीव विचित्रः ।
कस्य त्वं कः कुत आयातस्तत्त्वं चिन्तय यदिदं भ्रातः ।।८।।

को सुत, कन्त, भार्या, बन्धु, झूठे सब नाते छलते,
जगत रीत अद्भुत, तू किसका, कौन, कहाँ, आये चलते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।८।।

Who is your wife ? Who is your son ? Strange is

this samsAra, the world. Of whom are you ? From where have you come ? Brother, ponder over these truths.

सत्सङ्गत्वे निःसङ्गत्वं निःसङ्गत्वे निर्मोहत्वम् ।
निर्मोहत्वे निश्चलितत्वं निश्चलितत्वे जीवन्मुक्तिः ।।९।।

सत-संगति से निरासक्त मन, मोह चक्र में ना फँसते,
निर्मोही मन जीवन मुक्ति, पथ निर्बाध चलें हँसते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते ! ।।९।।

From satsanga, company of good people, comes non-attachment, from non-attachment comes freedom from delusion, which leads to self-settledness. From self-settledness comes JIvan muktI.

वयसि गते कः कामविकारः शुष्के नीरे कः कासारः ।
क्षीणे वित्ते कः परिवारो ज्ञाते तत्त्वे कः संसारः ।।१०।।

काम गया यौवन के संगा, नीर सूख नद ना कहते,
धन विहीन परिवार न संगा, जानो जग इसको कहते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१०।।

What good is lust when youth has fled ? What use is a lake which has no water ? Where are the relatives

when wealth is gone ? Where is samsAra, the world, when the Truth is known ?

मा कुरु धनजनयौवनगर्वं हरति निमेषात्कालः सर्वम् ।
मायामयमिदमखिलं हित्वा ब्रह्मपदं त्वं प्रविश विदित्वा ।।११।।

धन, यौवन, मद सब निःसारा, छिनत ना काल निमिष लगते,
मायामय अखिलं संसारा ब्रह्म ज्ञान परमं लभते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।११।।

Do not boast of wealth, friends, and youth. Each one of these are destroyed within a minute by time. Free yourself from the illusion of the world of Maya and attain the timeless Truth.

दिनयामिन्यौ सायं प्रातः शिशिरवसन्तौ पुनरायातः ।
कालः क्रीडति गच्छत्यायुस्तदपि न मुञ्चत्याशावायुः ।।१२।।

प्रातः सायं, दिवस और रैना, शिशिर, बसन्ती ऋतु रुचते,
काल प्रभंजन के तिनके, पर वेग चाह के ना रुकते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१२।।

Daylight and darkness, dusk and dawn, winter and

springtime come and go. Time plays and life ebbs away. But the storm of desire never leaves

का ते कान्ताधनगतचिन्ता वातुल किं तव नास्ति नियन्ता ।
त्रिजगति सज्जनसङ्गतिरेका भवति भवार्णवतरणे नौका ।।१३।।

धन पत्नी की चिंता त्यागो, नियति नियंता ही करते,
तीन लोक सत्संग सहायक, जिनसे भव सागर तरते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१३।।

Oh mad man ! Why this engrossment in thoughts of wealth ? Is there no one to guide you ? There is only one thing in three worlds that can save you from the ocean of samsAra, get into the boat of satsanga, company of good people, quickly. Stanza attributed to Padmapada

जटिलो मुण्डी लुञ्छितकेशः काषायाम्बरबहुकृतवेषः ।
पश्यन्नपि च न पश्यति मूढो ह्युदरनिमित्तं बहुकृतवेषः ।।१४।।

मुंडन, जटा, केश के लुंचन, भगवा विविध विधि धरते,
उदर निमितं करम पसारा, मूढ विलोकें, ना जगते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१४।।

There are many who go with matted locks, many who have clean shaven heads, many whose hairs have been plucked out; some are clothed in orange, yet others in various colors — all just for a livelihood. Seeing truth revealed before them, still the foolish ones see it not. Stanza attributed to Totakacharya.

अङ्गं गलितं पलितं मुण्डं दशनविहीनं जातं तुण्डम् ।
वृद्धो याति गृहीत्वा दण्डं तदपि न मुञ्चत्याशापिण्डम् ।।१५।।

शिथिल अंग, सर केश विहीना, दंतहीन अब ना सजते,
वृद्ध तदपि आबद्ध विमोहा, सार हीन जग ना तजते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१५।।

Strength has left the old man's body; his head has become bald his gums toothless and leaning on crutches . Even then the attachment is strong and he clings firmly to fruitless desires. Stanza attributed to Hastamalaka

अग्रे वह्निः पृष्ठे भानू रात्रौ चुबुकसमर्पितजानुः ।
करतलभिक्षस्तरुतलवासस्तदपि न मुञ्चत्याशापाशः ।।१६।।

उदर हेतु भिक्षान्न, तरु तल, सिकुड़-सिकुड़ बैठा करते,
शीत-ताप सह अपितु, भावना के इंगित नाचा करते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१६।।

Behold there lies the man who sits warming up his body with the fire in front and the sun at the back; at night he curls up the body to keep out of the cold; he eats his beggar's food from the bowl of his hand and sleeps beneath the tree. Still in his heart, he is a wretched puppet at the hands of passions. Stanza attributed to Subodha

कुरुते गङ्गासागरगमनं व्रतपरिपालनमथवा दानम् ।
ज्ञानविहीनः सर्वमतेन मुक्तिं न भजति जन्मशतेन ।।१७।।

दान, पुण्य, व्रत, विविध प्रकारा, गंगा सागर तक चलते,
पर बिन ज्ञान कदापि न मुक्ति, जनम शतं मिटते मिलते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१७।।

One may go to Gangasagar, observe fasts, and give away riches in charity ! Yet, devoid of jnana, nothing can give mukthi even at the end of a hundred births. Stanza attributed to vArtikakAra

सुरमन्दिरतरुमूलनिवासः शय्या भूतलमजिनं वासः ।
सर्वपरिग्रहभोगत्यागः कस्य सुखं न करोति विरागः ।।१८।।

सुर मंदिर तरु मूल निवासा, शैय्या भूतल में करते,
सकल परिग्रह, भोग, त्याग, पर भाव विरागी से तरते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१८।।

Take your residence in a temple or below a tree, wear the deerskin for the dress, and sleep with mother earth as your bed . Give up all attachments and renounce all comforts. Bles sed with such vairgya, could any fail to be content ?

योगरतो वा भोगरतो वा संगरतो वा संगविहीनः ।
यस्य ब्रह्मणि रमते चित्तं नन्दति नन्दति नन्दत्येव ।।१९।।

योग रतो या भोग रतो या राग विरागों में रहते,
ब्रह्म रमा चित नन्दति-नन्दति, सतत ब्रह्म सुख में बहते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।१९।।

One may take delight in yoga or bhoga, may have attachment or detachment . But only he whose mind steadily delights in Brahman enjoys bliss, no one else. Stanza attributed to anandagiriH

भगवद्गीता किंचिदधीता गङ्गाजललवकणिका पीता ।
सकृदपि येन मुरारिसमर्चा क्रियते तस्य यमेन न चर्चा ।।२०।।

भगवद गीता, किंचित अध्ययन, गंगा जल सेवन करते,
कृष्ण, वंदना वंदन कर्ता, कभी न यम से भी डरते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२०।।

Let a man read but a little from gItA, drink just a drop of water from the ganges, worship but once murAri. He then will have no altercation with Yama. Stanza attributed to dRiDhabhakta.

पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननीजठरे शयनम् ।
इह संसारे बहुदुस्तारे कृपयापारे पाहि मुरारे ।।२१।।

पुनरपि जनम, मरण पुनि जठरे, शयनं के क्रम दुःख सहते,
यह संसार जलधि दुस्तारा, श्रीकृष्णं शरणम् महते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२१।।

Born again, death again, again to stay in the mother's womb ! It is indeed hard to cross this boundless ocean of samsAra. Oh Murari ! Redeem me through Thy mercy. Stanza attributed to nityanAtha

रथ्याकर्पटविरचितकन्थः पुण्यापुण्यविवर्जितपन्थः ।
योगी योगनियोजितचित्तो रमते बालोन्मत्तवदेव ।।२२।।

लंबा चोगा पंथ बुहारे, क्या गुण-दोष शमन करते,
योगी योग नियोजित चित्तो, बालक सम ब्रह्मम रमते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२२।।

There is no shortage of clothing for a monk so long as there are rags cast off the road. Freed from vices and virtues, onward he wanders. One who lives in communion with god enjoys bliss, pure and uncontaminated, like a child and as an intoxicated. Stanza attributed to nityanAtha

कस्त्वं कोऽहं कुत आयातः का मे जननी को मे तातः ।
इति परिभावय सर्वमसारं विश्वं त्यक्त्वा स्वप्नविचारम् ।।२३।।

को तुम, को हम, कहाँ से आये, को पितु-मातु न कह सकते?
जंगत असारा, स्वप्न पसारा, क्या स्वप्निल जग रह सकते ?
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२३।।

Who are you ? Who am I ? From where do I come? Who is my mother, who is my father ? Ponder thus, look at everything as essenceless and give up the world as an idle dream. Stanza attributed to surendra.

त्वयि मयि चान्यत्रैको विष्णुर्व्यर्थं कुप्यसि मय्यसहिष्णुः ।
सर्वस्मिन्नपि पश्यात्मानं सर्वत्रोत्सृज भेदाज्ञानम् ।।२४।।

अणु-अणु कण-कण, तुझमें-मुझमें, विष्णु ब्रह्म मय ही रमते,
व्यर्थ, क्रोध, दुर्भाव, विकारा, भव शुभ चितः सम समते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२४।।

In me, in you and in everything, none but the same Vishnu dwells. Your anger and impatience is meaningless. If you wish to attain the status of Vishnu, have samabhAva, equanimity, always. Stanza attributed to medhAtithira.

शत्रौ मित्रे पुत्रे बन्धौ मा कुरु यत्नं विग्रहसन्धौ ।
भव समचित्तः सर्वत्र त्वं वाञ्छस्यचिराद्यदि विष्णुत्वम् ।।२५।।

शत्रु, मित्र, सुत, बन्धु, बान्धवा, द्वेष दुलार परे करते,
अणु-कण कृष्णा! कृष्णा! कृष्णा! भेद विभावों से तरते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२५।।

Waste not your efforts to win the love of or to fight against friend and foe, children and relatives. See yourself in everyone and give up all feelings of duality completely. Stanza attributed to medhAtithira

कामं क्रोधं लोभं मोहं त्यक्त्वात्मानं भावय कोऽहम् ।
आत्मज्ञानविहीना मूढास्ते पच्यन्ते नरकनिगूढाः ।।२६।।

काम, क्रोध, मद, लोभ, विमोहा, त्याग स्वरूपं में बसते,
आत्म ज्ञान बिन जीव निगोधा, नरक निगोधा में धंसते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२६।।

Give up lust, anger, infatuation, and greed. Ponder over your real nature. Fools are they who are blind to the Self. Cast into hell, they suffer there endlessly.Stanza attributed to bhArativamsha.

गेयं गीतानामसहस्त्रं ध्येयं श्रीपतिरूपमजस्त्रम् ।
नेयं सज्जनसङ्गे चित्तं देयं दीनजनाय च वित्तम् ।।२७।।

गेयं गीता, नाम सहस्त्रं, ध्येयं श्री श्री पति महते,
सज्जन संगा, चित्त प्रसन्ना, दीनन को धन दो कहते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२७।।

Regularly recite from the Gita, meditate on Vishnu in your heart, and chant His thousand glories. Take delight to be with the noble and the holy. Distribute your wealth in charity to the poor and the needy. Stanza attributed to sumatir

सुखतः क्रियते रामाभोगः पश्चाद्धन्त शरीरे रोगः ।
यद्यपि लोके मरणं शरणं तदपि न मुञ्चति पापाचरणम् ।।२८।।

भोग पिपासा रत जिन लोगा, रोग शोक दारुण सहते,
नश्वर जगत तथापि मूढ़ा, सतत पाप के पथ गहते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२८।।

He who yields to lust for pleasure leaves his body a prey to disease. Though death brings an end to everything, man does not give-up the sinful path.

अर्थमनर्थं भावय नित्यं नास्ति ततः सुखलेशः सत्यम् ।
पुत्रादपि धनभाजां भीतिः सर्वत्रैषा विहिता रीतिः ।।२९।।

धन अम्बार न सुख का सारा, लेश न सुख इनमें बहते,
निज सुत से अपि होत भयातुर, धन की गति ऐसी कहते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।२९।।

Wealth is not welfare, truly there is no joy in it. Reflect thus at all times. A rich man fears even his own son. This is the way of wealth everywhere.

प्राणायामं प्रत्याहारं नित्यानित्यविवेकविचारम् ।
जाप्यसमेतसमाधिविधानं कुर्ववधानं महदवधानम् ।।३०।।

प्राणायामं, प्रत्याहारम, नित्य निरत रत सत महते,
भज गोविन्दम, शांत समाधि, समाधिस्थ मन चित रहते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।३०।।

Regulate the prANa-s, life forces, remain unaffected

by external influences and discriminate between the real and the fleeting. Chant the holy name of God and silence the turbulent mind. Perform these with care, with extreme care.

गुरुचरणाम्बुजनिर्भरभक्तः संसारादचिराद्भव मुक्तः ।
सेन्द्रियमानसनियमादेवं द्रक्ष्यसि निजहृदयस्थं देवम् ।।३१।।

गुरु के चरण कमल नत वंदन, जिससे भव सागर तरते,
दत्त चित्त अनुशासित मन से, निज हिय प्रभु अनुभव करते,
भज गोविन्दम, भज गोविन्दम, गोविन्दम भज मूढ मते!।।३१।।

Oh devotee of the lotus feet of the Guru ! May thou be soon free from Samsara. Through disciplined senses and controlled mind, thou shalt come to experience the indwelling Lord of your heart !



अपरोक्षानुभूतिः

श्रीहरिं परमानन्दमुपदेष्टारमीश्वरम्।
व्यापकं सर्वलोकानां कारणं तं नमाम्यहम्।।१।।

व्यापक श्रीहरिः आत्म-भू सकल विश्व को मूल ।
परमानंद स्वरूप को, वंदन मूल समूल ।।१।।

I bow down to Him – to Sri Hari (the destroyer of ignorance), the Supreme Bliss, the First Teacher, Ishwara, the All-pervading One and the Cause of all Lokas (the universe).

अपरोक्षानुभूतिर्वै प्रोच्यते मोक्षसिद्धये।
सद्भिरेषा प्रयत्नेन वीक्षणीया मुहुर्मुहुः।।२।।

अपरोक्षानुभूति है, मोक्ष सिद्धि को हेतु ।
सत्पुरुषों के हेतु ही, कथित ज्ञान को सेतु ।।२।।

Herein is expounded (the means of attaining to)

Aparokshanubhuti (Self-Realization) for the acquisition of final liberation. Only the pure in heart should constantly and with all effort meditate upon the truth herein taught.

स्ववर्णाश्रमधर्मेण तपसा हरितोषणात्।
साधनं प्रभवेत्पुंसां वैराग्यादिचतुष्टयम्।।३।।

तप वर्णाश्रम धर्म सों, जो हरि करत प्रसन्न ।
धर्म चतुष्टय विरत मन, सों वे जन संपन्न ।।३।।

The four preliminary qualifications (the means to the attainment of knowledge), such as Vairagya (dispassion) and the like, are acquired by men by propitiating Hari (the
3 Lord), through austerities and the performance of duties pertaining to their social order and stage in life.

ब्रह्मादिस्थावरान्तेषु वैराग्यं विषयेष्वनु।
यथैव काकविष्ठायां वैराग्यं तद्धि निर्मलम्।।४।।

लेकर ब्रह्मा बृहत से, स्थावर पर्यंत ।
काग बीट सम विरत वृति, वे ही विरत महंत ।।४।।

The indifference with which one treats the excreta of a crow – such an indifference to all objects of enjoyment from the realm of Brahma to this world (in view of their perishable nature), is verily called pure Vairagya.

नित्यमात्मस्वरूपं हि दृश्यं तद्विपरीतगम्।
एवं यो निश्चयः सम्यग्विवेको वस्तुनः स वै।।५।।

नित्य सरूपी आत्मा, दृश्य जगत विपरीत ।
ऐसा दृढ़ निश्चय वही, आत्म वस्तु परतीत ।।५।।

Atman (the seer) in itself is alone permanent, the seen is opposed to it (i.e., transient) – such a settled conviction is truly known as discrimination.

सदैव वासनात्यागः शमोऽयमिति शब्दितः।
निग्रहो बाह्यवृत्तीनां दम्र इत्यभिधीयते।।६।।

'शम' कहलाता सर्वदा, सकल वासना त्याग ।
'दम' कहलाता रोकना, सकल वृत्ति का राग ।।६।।

Abandonment of desires at all times is called Shama and the restraint of the external functions of the organs is called Dhama.

विषयेभ्यः परावृत्तिः परमोपरतिर्हि सा।
सहनं सर्वदुःखानां तितिक्षा सा शुभा मता।।७।।

विषय विमुख, उपरति परम, चरम कोटि वैराग ।
शुंभ तितिक्षा, मान्यता, दुःख सहन व् त्याग ।।७।।

Turning away completely from all sense-objects is the height of Uparati, and patient endurance of all sorrow or pain is known as Titiksha, which is conducive to happiness.

निगमाचार्यवाक्येषु भक्तिः श्रद्धेति विश्रुता।
चित्तैकाग्र्यं तु सल्लक्ष्ये समाधानमिति स्मृतम्।।८।।

शास्त्र और आचार्य के, कथित तथ्य श्रद्धेय ।
सतत चित्त एकाग्रता, समाधान शुभ ध्येय ।।८।।

Implicit faith in the words of the Vedas and the teachers (who interpret them) is known as Shraddha, and concentration of the mind on the only object Sat (i.e., Brahman) is regarded as Samadhana.

संसारबन्धनिर्मुक्तिः कथं स्यान्मे दयानिधे।
इति या सुदृढा बुद्धिर्वक्तव्या सा मुमुक्षुता।।९।।

भव बंधन सों मुक्ति कब, कैसे होगी नाथ ।
मुमुक्षता दृढ़ बुद्धि अस, कहते दृढ़ता साथ ।।९।।

When and how shall I, O Lord, be free from the bonds of this world (i.e., births and deaths) – such a burning desire is called Mumukshutha.

उक्तसाधनयुक्तेन विचारः पुरुषेण हि।
कर्तव्यो ज्ञानसिद्ध्यर्थमात्मनः शुभमिच्छता।।१०।।

उक्त साधनों युक्त जन, जिन निज शुभ की चाह ।
ज्ञान हेतु साधन यही, एकमेव यही राह ।।१०।।

Only that person, who is in possession of the said qualification (as means to Knowledge) should constantly reflect with a view to attaining Knowledge, desiring his own good.

नोत्पद्यते विना ज्ञानं विचारेणान्यसाधनैः।
यथा पदार्थभानं हि प्रकाशेन विना क्वचित्।।११।।

बिनु प्रकाश न हो सके, जस पदार्थ को भान ।
बिनु प्रकाश संभव नहीं तस कोऊ साधन ज्ञान ।।११।।

Knowledge is not brought about by any other means than Vichara, just as an object is nowhere perceived (seen) without the help of light.

कोऽहं कथमिदं जातं को वा कर्तास्य विद्यते।
उपादानं किमस्तीह विचारः सोऽयमीदृशः।।१२।।

कौन मूल कारण जगत, उपादान, मैं कौन।
सकल नियामक शक्ति और, करनहार है कौन।।१२।।

Who am I ? How is this (world) created ? Who is its creator ? Of what material is this (world) made? This is the way of that Vichara (enquiry).

नाहं भूतगणो देहो नाहं चाक्षगणस्तथा।
एतद्विलक्षणः कश्चिद्विचारः सोऽयमीदृशः।।१३।।

ना इन्द्रिय ना देह मैं, अपितु भिन्न कोई अन्य।
देहिन देह से अति परे, देहिन परम अनन्य।।१३।।

I am neither the body, a combination of the (five) elements (of matter), nor am I an aggregate of the senses; I am something different from these. This is the way of that Vichara.

अज्ञानप्रभवं सर्वं ज्ञानेन प्रविलीयते।
संकल्पो विविधः कर्ता विचारः सोऽयमीदृशः।।१४।।

सब प्रपंच अज्ञान मय, बोध होत सब लीन ।
संकल्पित मन मूल अथ, बन संकल्प विहीन ।।१४।।

Everything is produced by ignorance, and dissolves in the wake of Knowledge. The various thoughts 7 (modifications of Anthahkaranam) must be the creator. Such is this Vichara

एतयोर्यदुपादानमेकं सूक्ष्मं सदव्ययम्।
यथैव मृद्घटादीनां विचारः सोऽयमीदृशः।।१५।।

माटी घट को हेतु जस, तस संकल्प अज्ञान ।
को हेतु है सूक्ष्म सत, अविनाशी को जान ।।१५।।

The material (cause) of these two (i.e., ignorance and thought) is the One (without a second), subtle (not apprehended by the senses) and unchanging Sat (Existence), just as the earth is the material (cause) of the pot and the like. This is the way of that Vichara.

अहमेकोऽपि सूक्ष्मश्च ज्ञाता साक्षी सदव्ययः।
तदहं नात्र संदेहो विचारः सोऽयमीदृशः।।१६।।

सूक्ष्म, सत्य, साक्षी महत, ज्ञाता अमर विदेह ।
मैं भी तो अथ हूँ वही, बिना नेकु संदेह ।।१६।।

As I am also the One, the Subtle, the Knower, the Witness, the Ever-Existent, and the Unchanging, so there is no doubt that I am "That" (i.e., Brahman). Such is this enquiry.

आत्मा विनिष्कलो ह्येको देहो बहुभिरावृतः।
तयोरैक्यं प्रपश्यन्ति किमज्ञानमतः परम्।।१७।।

एकमेव है आत्मा, बहु तत्वन सों देह ।
एक दिखत जिनको महा, मूढ़ बिना संदेह ।।१७।।

Atman is verily one and without parts, whereas the body consists of many parts; and yet the people see (confound, mistake, confuse) these two as one ! What else can be called ignorance but this?

आत्मा नियामकश्चान्तर्देहो बाह्यो नियम्यकः।
तयोरैक्यं प्रपश्यन्ति किमज्ञानमतः परम्।।१८।।

अंतरवर्ती आत्मा, तथा बाह्य है देह ।
देखत इनमें एकता, मूढ़ बिना संदेह ।।१८।।

Atman is the ruler of the body and is internal, the body is the ruled and is external; and yet, the people see

(confound) these two as one! What else can be called ignorance but this?

आत्मा ज्ञानमयः पुण्यो देहो मांसमयोऽशुचिः।
तयोरैक्यं प्रपश्यन्ति किमज्ञानमतः परम्।।१९।।

ज्ञान स्वरूपी आत्मा, पावन महत महान ।
देह अपावन मांस मय, एक कहत बिनु ज्ञान ।।१९।।

Atman is all consciousness and holy, the body is all flesh and impure; and yet, the people see 9 (mistake) these two as one! What else can be called ignorance but this?

आत्मा प्रकाशकः स्वच्छो देहस्तामस उच्यते।
तयोरैक्यं प्रपश्यन्ति किमज्ञानमतः परम्।।२०।।

शुद्ध प्रकाशक आतमा, और तमो मय देह ।
देखत इनमें एकता, मूढ़ वे बिनु संदेह ।।२०।।

Atman is the (supreme) Illuminator and purity itself; the body is said to be of the nature of darkness; and yet, the people see (mistake) these two as one! What else can be called ignorance but this?

आत्मा नित्यो हि सद्रूपो देहोऽनित्यो ह्यसन्मयः।
तयोरैक्यं प्रपश्यन्ति किमज्ञानमतः परम्।।२१।।

सत्य नित्य है आतमा, असत अनित्य है देह।
देखत इनमें एकता, मूढ़ वे बिनु संदेह ।।२१।।

Atman is eternal, since it is Existence itself; the body is transient, as it is non-existence in essence; and yet the people see (mistake) these two as one ! What else can be called ignorance but this?

आत्मनस्तत्प्रकाशत्वं यत्पदार्थावभासनम्।
नाग्न्यादिदीप्तिवद्दीप्तिर्भवत्यान्ध्यं यतो निशि।।२२।।

जो प्रतीति है द्रव्य में, आत्म-ज्योति ताहि जान।
अग्नि ज्योति सम यह नहीं, ज्योतित सदा महान ।।२२।।

The luminosity of Atman consists in the manifestation of all objects. Its luminosity is not like that of fire or any such thing, for (in spite of the presence of such lights), darkness prevails at night (at some place or other).

देहोऽहमित्ययं मूढो मत्वा तिष्ठत्यहो जनः।
ममायमित्यपि ज्ञात्वा घटद्रष्टेव सर्वदा।।२३।।

घट दृष्टा सम अनवरत, मूढ़ कहत मैं देह।
'यह मेरा है' तथ्य यह, तदपि न कहत विदेह।।२३।।

How strange is it that a person ignorantly rests contented with the idea that he is the body, while he knows it as something belonging to him (and therefore, apart/ separate from him), even as a person who sees a pot (knows it as apart from him)!

ब्रह्मैवाहं समः शान्तः सच्चिदानन्दलक्षणः।
नाहं देहो ह्यसद्रूपो ज्ञानमित्युच्यते बुधैः।।२४।।

सत-चित-आनंद रूप मैं, असत रूप नहीं देह।
ज्ञान कहत अथ बुधि जना, ब्रह्म हूँ बिनु संदेह।।२४।।

I am verily Brahman, being equanimous, quiescent, and by nature absolute Existence, Knowledge, and Bliss. I am 11 not the body, which is non-existence itself. This is called true Knowledge by the wise.

निर्विकारो निराकारो निरवद्योऽहमव्ययः।
नाहं देहो ह्यसद्रूपो ज्ञानमित्युच्यते बुधैः।।२५।।

निर्विकार, निर्मल, अमर, असत रूप नहीं देह।
ज्ञान कहत अथ बुधि जना, ब्रह्म हूँ बिनु संदेह।।२५।।

I am without any change, without any form, free from all blemish and decay. I am not the body, which is non-existence itself. This is called true Knowledge by the wise.

निरामयो निराभासो निर्विकल्पोऽहमाततः।
नाहं देहो ह्यसद्रूपो ज्ञानमित्युच्यते बुधैः।।२६।।

निर्विकल्प, दुःख-हीन मैं, असत रूप नहीं देह।
ज्ञान कहत, अथ बुधि जना, ब्रह्म हूँ बिनु संदेह ।।२६।।

I am not subjected to any disease, I am beyond all comprehension, free from all alternatives and all-pervading. I am not the body, which is non-existence itself. This is called true Knowledge by the wise.

निर्गुणो निष्क्रियो नित्यो नित्यमुक्तोऽहमच्युतः।
नाहं देहो ह्यसद्रूपो ज्ञानमित्युच्यते बुधैः।।२७।।

अच्युत, निर्गुण नित्य मैं, असत रूप नहीं देह।
ज्ञान कहत, अथ बुधि जना, ब्रह्म हूँ बिनु संदेह ।।२७।।

I am without any attribute or activity, I am eternal, ever free, and imperishable. I am not the body, which is

nonexistence itself. This is called true Knowledge by the wise.

निर्मलो निश्चलोऽनन्तः शुद्धोऽहमजरोऽमरः।
नाहं देहो ह्यसद्रूपो ज्ञानमित्युच्यते बुधैः।।२८।।

अमर, अनंता, शुद्ध मैं, असत रूप नहीं देह।
ज्ञान कहत, अथ बुधि जना, ब्रह्म हूँ बिनु संदेह।।२८।।

I am free from all impurity, I am immovable, unlimited, holy, undecaying, and immortal. I am not the body, which is non-existence itself. This is called true Knowledge by the wise.

स्वदेहे शोभनं संतं पुरुषाख्यं च संमतम्।
किं मूर्ख शून्यमात्मानं देहातीतं करोषि भोः।।२९।।

देह में 'देहातीत' से रे मूरख! अनजान।
शून्य रूप क्यों करत है, देहातीत महान।।२९।।

O you ignorant one! Why do you assert the blissful, ever-existent Atman, which resides in your own body and is (evidently) different from it, which is known as Purusha and is established (by the Shruti as identical with

Brahman), to be absolutely non-existent?

स्वात्मानं शृणु मूर्ख त्वं श्रुत्या युक्त्या च पूरुषम्।
देहातीतं सदाकारं सुदुर्दर्शं भवादृशैः।।३०।।

मूढ़-मता जन को कठिन, देहातीत को भान।
युक्ति मय, श्रुति ज्ञान सों, परम-पुरुष को जान।।३०।।

O you ignorant one! Try to know, with the help of Shruti and reasoning, your own Self, Purusha, which is different from the body, (not a void but) the very form of existence, and very difficult for persons like you to realize.

अहंशब्देन विख्यात एक एव स्थितः परः।
स्थूलस्त्वनेकतां प्राप्तः कथं स्याद्देहकः पुमान्।।३१।।

एकमेव, स्थित परम, 'अहं' शब्द विख्यात।
फिर कैसे स्थूल को, 'परम-पुरुष' कथ ज्ञात।।३१।।

The Supreme (Purusha) known as "I" (ego) is but one, whereas the gross bodies are many. So how can this body be Purusha ?

अहं द्रष्टतया सिद्धो देहो दृश्यतया स्थितः।
ममायमिति निर्देशात्कथं स्याद्देहकः पुमान्।।३२।।

दृष्टा रूपे सिद्ध 'अहं', दृश्य रूप से देह ।
'पुरुष' देह कैसे भला, असत है बिनु संदेह ।।३२।।

"I" (ego) is well established as the subject of perception, whereas the body is the object. This is learnt from the fact that, when we speak of the body, we say: "This is mine." So, how can this body be Purusha?

अहं विकारहीनस्तु देहो नित्यं विकारवान्।
इति प्रतीयते साक्षात्कथं स्याद्देहकः पुमान्।।३३।।

बहु विकार मय देह तो, अहं विकार विहीन ।
यह प्रतीति स्पष्ट फिर, देह 'पुरुष' को कीन ।।३३।।

It is a fact of direct experience that the "I" (Atman) is without any change, whereas the body is always undergoing changes. So how can this body be Purusha?

यस्मात्परमिति श्रुत्या तया पुरुषलक्षणम्।
विनिर्णीतं विमूढेन कथं स्याद्देहकः पुमान्।।३४।।

'पुरुष' का लक्षण श्रुति विदित यस्मात्परं, प्रवीण,
विज्ञ जनों का कथन अथ, देह 'पुरुष' को कीन,.(३४)

Wise men have ascertained the (real) nature of Purusha from that Shruti text, "(There is nothing) higher than He (Purusha)," etc. So how can this body be Purusha?

सर्वं पुरुष एवेति सूक्ते पुरुषसंज्ञिते।
अप्युच्यते यतः श्रुत्या कथं स्याद्देहकः पुमान्।।३५।।

पुरुष सूक्त में वेद ने, कहा 'पुरुष' सर्वस्व ।
देह 'पुरुष' कैसे हुआ, 'पुरुष' का ही वर्चस्व ।।३५।।

Again, the Shruti has declared in the Purusha Sukta that "All this is verily the Purusha". So how can this body be Purusha?

असङ्गः पुरुषः प्रोक्तो बृहदारण्यकेऽपि च।
अनन्तमलसंसृष्टः कथं स्याद्देहकः पुमान्।।३६।।

बृहदरंयक उपनिषद, 'पुरुष' को कहत असंग ।
क्यों मलमय इस देह को, देहिन कहत विसंग ।।३६।।

So also, it is said in Brihadaranyaka: "The Purusha is completely unattached." How can this body, wherein inhere innumerable impurities be the Purusha?

तत्रैव च समाख्यातः स्वयंज्योतिर्हि पूरुषः।
जडः परप्रकाश्योऽयं कथं स्याद्देहकः पुमान्।।३७।।

कथित वहीं पर यह कथन, पुरुष है स्वयं प्रकाश।
जड़ शरीर कैसे 'पुरुष', क्या संभव विश्वास ? ।।३७।।

There again it is clearly stated that "the Purusha is se lf- illumined." So, how can the body which is inert (in-sentient) and illumined by an external agent be the Purusha?

प्रोक्तोऽपि कर्मकाण्डेन ह्यात्मा देहाद्विलक्षणः।
नित्यश्च तत्फलं भुंक्ते देहपातादनन्तरम्।।३८।।

कर्मकांड में कथित अपि, देहिन देह से भिन्न।
पात अनंतर देह के, भोगत भोग विभिन्न ।।३८।।

Moreover, the Karma-kanda also declares that the Atman is different from the body and permanent, as it endures even after the fall of the body and reaps the fruits of actions (done in this life).

लिङ्गं चानेकसंयुक्तं चलं दृश्यं विकारि च।
अव्यापकमसद्रूपं तत्कथं स्यात्पुमानयम्।।३९।।

सूक्ष्म देह भी असत है, बहु तत्वन संघात ।
परिवर्तित, सीमित दिखत, कैसे 'पुरुष' कहात ? ।।३९।।

Even the subtle body consists of many parts and is unstable. It is also an object of perception, is changeable, limited and non-existent by nature. So, how can this be the Purusha?

एवं देहद्वयादन्य आत्मा पुरुष ईश्वरः।
सर्वात्मा सर्वरूपश्च सर्वातीतोऽहमव्ययः।।४०।।

सूक्ष्म और स्थूल अथ, देह सों भिन्न अनन्य ।
सर्वरूप, सर्वात्म मैं, परे परात्पर अन्य ।।४०।।

The immutable Atman, the substratum of the ego, is thus different from these two bodies, and is the Purusha, the Ishwara (the Lord of all), the Self of all; It is present in every form and yet, transcends them all.

इत्यात्मदेहभानेन प्रपञ्चस्यैव सत्यता।
यथोक्ता तर्कशास्त्रेण ततः किं पुरुषार्थता।।४१।।

द्वैत-मिथ्यात्व

देह-आतमा भेद से, जदपि प्रपंच प्रतीत ।
तर्क-शास्त्र पुष्टि तदपि, न पुरुषार्थ प्रतीति ।।४१।।

Thus, the enunciation of the difference between the Atman and the body has (indirectly) asserted, indeed, after the manner of the Tarkashastra, the reality of the phenomenal world. But, what end of human life is served thereby?

इत्यात्मदेहभेदेन देहात्मत्वं निवारितम्।
इदानीं देहभेदस्य ह्यसत्त्वं स्फुटमुच्यते।।४२।।

देह-आतमा भाव का, निराकरण और भेद ।
देह-भेद, असत्यत्व अब, वर्णन तथ्य अभेद ।।४२।।

Thus, the view that the body is the Atman has been denounced, by the enunciation of the difference between the Atman and the body. Now, is clearly stated the unreality of the difference between the two.

चैतन्यस्यैकरूपत्वाद्भेदो युक्तो न कर्हिचित्।
जीवत्वं च मृषा ज्ञेयं रज्ज्वां सर्पग्रहो यथा।।४३।।

एकरूप चैतन्य है, भेद रहित, यह ज्ञान ।
सर्प प्रतीति रज्जु में, जीव भाव, अज्ञान ।।४३।।

No division in Consciousness is admissible, at any

time, as it is always one and the same. Even the 18 individuality of the Jiva must be known as false, like the delusion of a snake in a rope.

रज्ज्वज्ञानात्क्षणेनैव यद्वद्रज्जुर्हि सर्पिणी।
भाति तद्वच्चितिः साक्षाद्विश्वाकारेण केवला।।४४।।

रसरी भासत सर्पिनी, कारणवश अज्ञान ।
विश्व रूप से भासती, तस सत चित्ति महान ।।४४।।

As through the ignorance of the real nature of the rope, the very rope appears, in an instant, as a snake, so also, does pure Consciousness appear in the form of the phenomenal universe, without undergoing any change.

उपादानं प्रपञ्चस्य ब्रह्मणोऽन्यन्न विद्यते।
तस्मात्सर्वप्रपञ्चोऽयं ब्रह्मैवास्ति न चेतरत्।।४५।।

जग प्रपंच के मूल में, ब्रह्म एक, नहीं अन्य ।
उपादान भी ब्रह्म है, सबमें ही चैतन्य ।।४५।।

There exists no other material cause of this phenomenal universe, except Brahman. Hence, this whole universe is but Brahman and nothing else.

व्याप्यव्यापकता मिथ्या सर्वमात्मेति शासनात्।
इति ज्ञाते परे तत्त्वे भेदस्यावसरः कुतः।।४६।।

जो कुछ है सों आतमा, शास्त्र कहत सत मूल।
परम तत्व इस ज्ञान से, मिटता भेद समूल।।४६।।

From such declaration (of the Shruti), as "All this is Atman," it follows that the idea of the pervaded and the pervading is illusory. This supreme truth being realized, where is the room for any distinction between the cause and the effect?

श्रुत्या निवारितं नूनं नानात्वं स्वमुखेन हि।
कथं भासो भवेदन्यः स्थिते चाद्वयकारणे।।४७।।

द्वैत्व कहाँ अद्वैत्व में, श्रुति भी करत निषेध।
अद्वितीय में अन्य का, ना आभास ना वेध।।४७।।

Certainly, the Shruti has directly denied manifoldness in Brahman. The Non-dual Cause being an established fact, how could the Phenomenal Universe be different from It?

दोषोऽपि विहितः श्रुत्या मृत्योर्मृत्युं स गच्छति।
इह पश्यति नानात्वं मायया वञ्चितो नरः।।४८।।

जग में माया ठगित जन, ही देखत नानात्व।
प्राप्त मृत्यु से मृत्यु को, वेद कहत एकत्व।।४८।।

Moreover, the Shruti has condemned (the belief in variety) in the words: "The person who," being deceived by Maya, "sees variety in this (Brahman), goes from death to death."

ब्रह्मणः सर्वभूतानि जायन्ते परमात्मनः।
तस्मादेतानि ब्रह्मैव भवन्तीत्यवधारयेत्।।४९।।

जगत की ब्रह्मरूपता

सकल जीव परब्रह्म से, मूल रूप निष्पन्न।
अतः विश्व परब्रह्ममय, ब्रह्म से ही सम्पन्न।।४९।।

Inasmuch as all beings are born of Brahman, the Supreme Atman, they must be understood to be verily Brahman.

ब्रह्मैव सर्वनामानि रूपाणि विविधानि च।
कर्माण्यपि समग्राणि बिभर्तीति श्रुतिर्जगौ।।५०।।

सकल नाम ब्रह्म रूप मय, सकल करम आधार।
एकमेव परब्रह्म है, अथ, कथ, अस श्रुति सार।।५०।।

The Shruti has clearly declared that Brahman alone is the substratum of all varieties of names, forms and actions.

सुवर्णाज्जायमानस्य सुवर्णत्वं च शाश्वतम्।
ब्रह्मणो जायमानस्य ब्रह्मत्वं च तथा भवेत्।।५१।।

कनक तो कनक सदैव जस, निर्मित वस्तु अनेक ।
ब्रह्म जनित तस वस्तु में, ब्रह्म तत्व नित एक ।।५१।।

Just as a thing made of gold ever has the nature of gold, so also a being born of Brahman has always the nature of Brahman.

स्वल्पमप्यन्तरं कृत्वा जीवात्मपरमात्मनोः।
योऽवतिष्ठति मूढात्मा भयं तस्याभिभाषितम्।।५२।।

जीवात्मा परमात्मा, में नहीं अंतर लेश ।
श्रुति कहत अस मूढ़ के, अंतस रहत क्लेश ।।५२।।

Fear is attributed to the ignorant one who rests after making even the slightest distinction between the Jivatman and the Paramatman.

यत्राज्ञानाद्भवेद्द्वैतमितरस्तत्र पश्यति।
आत्मत्वेन यदा सर्वं नेतरस्तत्र चाण्वपि।।५३।।

द्वैत भाव अज्ञान है, दुविधा मय दुइ रूप ।
जब अद्वैत मय ज्ञान हो, आत्म रूप सब रूप ।।५३।।

When duality appears through ignorance, one sees another; but when everything becomes identified with the Atman, one does not perceive another even in the least.

यस्मिन्सर्वाणि भूतानि ह्यात्मत्वेन विजानतः।
न वै तस्य भवेन्मोहो न च शोकोऽद्वितीयतः।।५४।।

सकल विश्व अब आत्म-मय, को आपुनि को और ।
अब अनन्य संसार कत, शोक मोह को ठौर ।।५४।।

In that state, when one realizes all as identified with the Atman, there arises neither delusion nor sorrow, in consequence of the absence of duality.

अयमात्मा हि ब्रह्मैव सर्वात्मकतया स्थितः।
इति निर्धारितं श्रुत्या बृहदारण्यसंस्थया।।५५।।

आतमा ही तो ब्रह्म है, सर्व आत्म के भाव।
बृहदारंयक उपनिषद, कथित यही समभाव ।।५५।।

The Shruti in the form of the Brihadaranyaka has declared that this Atman, which is the Self of all, is verily Brahman.

अनुभूतोऽप्ययं लोको व्यवहारक्षमोऽपि सन्।
असद्रूपो यथा स्वप्न उत्तरक्षणबाधतः।।५६।।

प्रपंच का मिथ्यात्व

स्वप्न असत जस होत हैं, तस ही यह संसार।
अगले पल मिट जात हैं, जदपि लगत सत सार ।।५६।।

This world, though an object of our daily experience and serving all practical purposes, is, like the dream world, of the nature of non-existence, inasmuch as it is contradicted the next moment.

स्वप्नो जागरणेऽलीकः स्वप्नेऽपि न हि जागरः।
द्वयमेव लये नास्ति लयोऽपि ह्युभयोर्न च।।५७।।

जागत ही सपना गया, स्वप्न ना जागत कोय।
जागृत,स्वप्न,सुषुप्ति में, रहत ना संग-संग दोय ।।५७।।

The dream (experience) is unreal, in waking, whereas the waking (experience) is absent in dream. Both, however, are non-existent in deep sleep which, again, is not experienced in either.

त्रयमेवं भवेन्मिथ्या गुणत्रयविनिर्मितम्।
अस्य द्रष्टा गुणातीतो नित्यो ह्येकश्चिदात्मकः।।५८।।

अथ सत, रज, तम तीन गुण, निर्मित तथ्य असत्य ।
गुणातीत, दृष्टा परम, किन्तु परात्पर नित्य ।।५८।।

Thus, all the three states are unreal inasmuch as they are the creation of the three Gunas; but their witness (the reality behind them) is, beyond all Gunas, eternal, one, and is Consciousness itself.

यद्वन्मृदि घटभ्रान्तिं शुक्तौ वा रजतस्थितिम्।
तद्वद्ब्रह्मणि जीवत्वं भ्रान्त्या पश्यति न स्वतः।।५९।।

जैसे भ्रमवश मृत्तिका, में घट की परतीति ।
तैसे, भ्रमवश ब्रह्म में, जीव को भाव प्रतीत ।।५९।।

Just as (after the illusion has gone) one is no more deluded to see a jar in earth or silver in the nacre, so does one no more see Jiva in Brahman when the latter is real-

ized (as one's own self).

यथा मृदि घटो नाम कनके कुण्डलाभिधा।
शुक्तौ हि रजतख्यातिर्जीवशब्दस्तथा परे।।६०।।

सीपी-चांदी, कुण्डला, माटी-घट भ्रम रूप ।
जीव भाव परब्रह्म तस, नाम को ही प्रारूप ।।६०।।

Just as earth is described as a jar, gold as an ear-ring, and a nacre as silver, so is Brahman described as Jiva.

यथैव व्योम्नि नीलत्वं यथा नीरं मरुस्थले।
पुरुषत्वं यथा स्थाणौ तद्वद्विश्वं चिदात्मनि।।६१।।

जस नभ में है नीलिमा, मरू भूमि जल-धार ।
पुरुष प्रतीती ठूँठ में, तस चेतन संसार ।।६१।।

Just as blueness in the sky, water in the mirage, and a human figure in a post (are but illusory), so is the universe in Atman.

यथैव शून्ये वेतालो गन्धर्वाणां पुरं यथा।
यथाकाशे द्विचन्द्रत्वं तद्वत्सत्ये जगत्स्थितिः।।६२।।

यथा नगर गन्धर्व की, शून्य में जस वैताल ।
नभ में जस दो चंद्रमा, सत में तस, जग हाल ।।६२।।

Just as the appearance of a ghost in an empty place, of a castle in the air, and of a second moon in the sky (is illusory), so is the appearance of the universe in Brahman.

